Title: Need to evolve plans for development of diamond industry in the Country.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : मैं सदन का ध्यान हीरा उद्योग की तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस उद्योग में दस लाख से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है एवम् शत-प्रतिशत निर्यात किया जाता है जो देश को विदेशी मुद्रा कमाने में सहायता करता है। परन्तु इस मन्दी के समय इस उद्योग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यह उद्योग धीरे-धीरे बंद हो रहा है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस उद्योग के विस्तार और बढ़ावा देने के सम्बन्ध में नई योजनाएं चलाई जाएं जिससे इस उद्योग को बढ़ावा मिल सके।